अ[3 & A-5]    Seat No. ____________    No. of printed page : 2

**SARDAR PATEL UNIVERSITY**
**B.A. (III Semester) Examination**
**Thursday, st December 2016**
**10.00 am - 1.00 pm**
**UA03CHLT05 : Hindi**
**हिन्दी कविता**

**Total Marks: 70**

प्र.१ ससंदर्भ व्याख्या कीजिए । (कोई तीन) (१५)

(१) "है बिखेर देती वसुंधरा
मोती, सबके सोने पर,
रवि बटोर लेता है उनको
सदा सवेरा होने पर,
और विरामदायिनी अपनी
सन्ध्या को दे जाता है,
शून्य श्याम तनु जिससे उसका
नया रूप झलकाता है ।"

(२) "अरूण यह मधुमय देश हमारा -
जहाँ पहुँच अनजान क्षितिज को मिलता एक सहारा ।
सरस तामरस-गर्भ-विभा पर नाच रही तरुशिखा मनोहर ।
छिटका जीवन-हरियाली पर मंगल कुंकुम सारा ।।"

(३) "विजन-वन-वल्लरी पर
सोती थी सुहाग-भरी
स्नेह-स्वप्न-मग्न-अमल-कोमल-तनु-तरूणी
जुही की कली
दृग बन्द किये, शिथिल-पत्रांक में ।"

(४) "हेर उर-पट, फेर मुख के बाल,
लख चतुर्दिक चली मन्द मराल,
गेह में प्रिय-स्नेह की जय-माल,
वासना की मुक्ति मुक्ता -
त्याग में तागी ।"

(५) "दिये हैं मैंने जगत् को फूल-फल,
किया है अपनी प्रभा से चकित-चल;
पर अनश्वर था सकल पल्लवित पल-
ठाठ जीवन का वही
जो ढह गया है ।"

प्र.२ जयशंकर प्रसाद के काव्य में प्रस्तुत भावपक्ष एवं कलापक्ष की उदाहरण सहित समीक्षा कीजिए । (२०)

**अथवा**

प्र.२ टिप्पणी लिखिए ।

(१) ''सखि निरख नदी की धारा'' कविता का काव्य सौंदर्य ।

(२) ''वे कुछ दिन कितने सुन्दर थे' कविता का मूल भाव ।

प्र.३ 'निराला के काव्य में भावपक्ष और कलापक्ष का सुन्दर समन्वय हुआ है'- समझाइए । (२०)

**अथवा**

प्र.३ टिप्पणी लिखिए ।

(१) 'बादल राग' कविता का भाव सौंदर्य ।

(२) 'मेरी कुटिया में राजभवन मन भाया कविता में काव्य सौंदर्य ।

प्र.४

(अ) टिप्पणी लिखिए । (कोई एक) (०८)

(१) मैथिलीशरण गुप्त के काव्य में राष्ट्रीय-सांस्कृतिक भावना ।

(२) निराला का कृतित्व ।

(ब) **किन्हीं सात** वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के अति संक्षेप में उत्तर दीजिए । (०७)

(१) मैथिलीशरण गुप्त का जन्म कहाँ हुआ था?

(२) छायावाद के चार आधार स्तंभ कवियों के नाम लिखिए ।

(३) 'अरूण यह मधुमय देश हमारा' कविता के कवि का नाम क्या है ? और कहाँ से ली गई है ?

(४) निरालाजी के काव्य की चार विशेषताएँ लिखिए ।

(५) सूर्यकान्त त्रिपाठी 'निराला' छायावादी धारा के अलावा दूसरी कौन-सी धारा के कवि रहै हैं ।

(६) निरालाजी की मृत्यु कब और कहाँ हुई ?

(७) प्रसादजी की चार काव्य कृतियों के नाम लिखिए ।

(८) प्रसादजी की मृत्यु कब और कितनी आयु में हुई ?

*****